कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773

Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com

College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 19.04.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //

गर्ल्स कॉलेज में कैम्पस चयन में 12 छात्राएँ सफल

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्राओं के कॅरियर से संबंधित प्रयासों में एक बड़ी सफलता मिली जब महाविद्यालय की 12 छात्राएँ विभिन्न कंपनियों के कैम्पस चयन में अंतिम रूप से सफल हुई।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मल्टीनेशनल कंपनी पात्रा लिमिटेड के द्वारा छात्राओं के लिए विशेष रूप से आयोजित ''एक्जीक्यूटिव ट्रेनिज'' के कैम्पस चयन में महाविद्यालय की 85 छात्राओं ने हिस्सा लिया।

चयन के 3 राउंड के बाद अंतिम तकनीकी राउंड में 10 छात्राएँ सफल हुई। जिसमें कु. सोनाली साहू, अल्पसा खान, मुस्कान मिश्रा, महक गुप्ता, नीलम मांझी, निकिता भटली, तारा देवांगन, तृप्ती मंडावी, सुधा, जया यादव का अंतिम वयन किया गया।

कंपनी के प्रबंधक श्री विकास नाथ त्रिपाठी ने छात्राओं के चयन पर उन्हें शुभकामनाएँ दी है।

इसी तरह अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ द्वारा भी कैम्पस चयन आयोजित किया गया। राज्य स्तर पर आयोजित इस कैंपस चयन में 5 पदों पर चयन किया गया। इस कैंपस चयन में महाविद्यालय की 53 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें 7 छात्राएँ अंतिम चयन राउंड तक पहुंची जिसमें 2 छात्राएँ चयनित की गई जिसमें कु. किरण सिंह एवं कु. मनीषा गुप्ता का चयन हुआ।

महाविद्यालय की प्लेसमेन्ट सेल प्रभारी डॉ. निसरीन हुसैन ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा शीघ्र ही कार्यशाला एवं विशेषज्ञों के मार्गदर्शन कार्यक्रम महाविद्यालय में आयोजित किये जावेंगे। प्राचार्य एवं प्राध्यापकों ने सफल छात्राओं को बधाई दी है।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)